# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

**(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)**

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS/LSBA-Estt/07/16/290 दिनांक: 13.09.2017

प्रेषक,

बालामुरुगन डी०, भा०प्र०से०
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-राज्य मिशन निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी
-सह-अध्यक्ष जिला जल एंव स्वच्छता समिति।

विषय: - त्योहारों के दौरान सभी स्तरों पर आयोजित होनेवाले कार्यक्रमों में आई0 ई0 सी0 / बी0 सी0 सी0 गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु दिशा निदेश के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान मार्च 2019 तक खुले में शौच से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु जिला, प्रखण्ड और पंचायत स्तर पर आई0 ई0 सी0 गतिविधियों के क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें आम जन-मानस की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने के साथ कार्यक्रम को स्थानीय समुदाय द्वारा मनाये जाने वाले त्योहारों के दौरान भी आई0 ई0 सी0/बी0 सी0 सी0 गतिविधियों को समायोजित कर क्रियान्वित कराया जाना है।

साथ ही सभी त्योहार (दुर्गापूजा/छठ/ दिपावली/ मुहर्रम/ ईद, आदि) को आई0 ई0 सी0 गतिविधियों को जोडकर बैनर प्रारुप और स्लोगन तैयार किया गया है। जिसके सुचारु प्रबंधन और समन्वय हेतु दिशा-निदेश और आयोजित कि जाने वाली गतिविधियों का विवरण तैयार किया गया है। सुलभ प्रसंगवश पत्र के साथ संलग्न कर आपको प्रेषित किया जा रहा है।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि संलग्न दिशा निदेश के आधार पर आप क्षेत्राअंर्तगत एवं क्षेत्रीय स्तर पर मनाये जाने वाले त्योहारों से जोडकर सभी स्तरों पर आई0 ई0 सी0 गतिविधियों को क्रियान्वित कराया जाये एवं व्यय विवरणी के साथ प्रतिवेदन स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के वेबसाइट (आई0 एम0 आई0 एस0) पर भी अपलोड करना सुनिश्चित किया जाये।

अनुलग्नक: यथोक्त।

विश्वासभाजन

13/09/17

(बालामुरुगन डी0)

प्रतिलिपि:- सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:- सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

## जिला स्तर से क्रियान्वयन:-

1. जिला पदाधिकारी कार्यक्रम पूर्व स्थानीय स्तर पर स्वच्छ प्रथाओं को अपनाते हुये पर्यावरण अनुकूल वातावरण में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु शुभकामना संदेशों के साथ आम जनमानस में रेडियो, टी0 वी0, समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा सकता है।
2. आगामी दुर्गापूजा के प्रबंधन हेतु गठित शांति समिति को भी लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से अवगत कराते हुये स्च्छता के विभिन्न आयामों को सुनिश्चित किया जाये।
3. सभी पूजा पंडालों या अन्य त्योहारों के दौरान आयोजित होनेवाले कार्यक्रम में स्वच्छ और पर्यावरण अनूकूल बनाये जाने हेतु प्रतिस्पर्धा आयोजित कि जाये।

ाय प्रतिस्पर्धा के दौरान श्रेष्ठ आयोजन करने वाली समिति को पुरुस्कृत भी किया जाये।

5. कार्यकम के दौरान स्थानीय स्तर पर पदाधिकारी का नामित कर आई0 ई0 सी0/ बी0 सी0 सी0 गतिविधियों का पर्यवेक्षण और अनूश्रवण भी कराया जाये।
6. कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत और विसर्जन के समय भी स्वच्छता पर विशेष बल देते हुये, साफ सफाई सुनिश्चित किया जाये।
7. जिला पधाधिकारी अपने स्थानीय स्थिति के अनूकुल गतिविधि में परिर्वतन कर क्रियान्वयन किया जा सकता है।

## त्योहार के समय आयोजित कि जाने गतिविधियों / कार्यक्रम:-

1. कार्यक्रम हेतु बने पंडालों, सामुदायिक भवनों के साथ अन्य आयोजन स्थलों, मेला, हाट और स्थानीय बाजार के पास स्वच्छता से संबंधित बैनर और होर्डिंग लगाना।
2. लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान/स्वच्छ त्योहार संबंधी संदेशों को प्रचारित करने हेतु स्टाल आदि का आयोजन।
3. शुभकामना संदेशों के साथ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के बारे में प्रचारित करना एवं स्वच्छता पोस्टर को लगाना।
4. कार्यक्रम हेतु बने आयोजन स्थलों पर स्वच्छता और त्योहार संबंधित संदेश/ गीतों को PA System के माध्यम से प्रचारित कराया जाना।
5. आम जनमानस को स्वच्छता से संबंधित लघु फिल्मों का प्रदर्शन एवं समुदाय से विचार विनमय करना।
6. आम जन मानस के लिये स्वच्छता और त्योहार से संबंधित नुक्कड नाटक या कठपुतली कार्यक्रम का आयोजन।
7. स्थानीय स्तर पर समुदाय में प्रभावी व्यक्तिओं के द्वारा लोगों के बीच स्वच्छता और त्योहार के बीच समन्वय से संबंधी उत्पेरण।
8. जिला अपने स्थानीय सामाजिक कला, स्थानीय भाषा का प्रयोग कर कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं।

..........................

# पूजा स्लोगनः

1 माता की भक्ति, स्वच्छता की शक्ति
रहे सब स्वस्थ्य, ऐसी हो आसक्ति।।

2 पूजा में विश्वास, शुद्धता आस पास
स्वच्छ समाज का लोगों से आस।।

3 नवरात्री का मेला, न हो कोई अकेला
साफ सफाई के लिये न हो कोई झमेला।।

4 जन–जन में फैले स्वच्छता का प्रकाश
आप सबों को मिले माता का आर्शीवाद।।

5 भक्ति की शक्ति से बने स्वस्थ्य जीवन
स्वच्छता अपनाकर रोग मुक्त आजीवन।।

6 आओ मिल सब नवरात्र मनायें
स्वच्छता अपना, स्वच्छ वातावरण बनायें।।

7. माता कृपा से रहें हम खुशहाल
स्वच्छता अपनाने से स्वस्थ्य हो हमारे नौनिहाल।।

8. सुख और खुशियों का हर घर में संचार हो
भक्ति हेतु आप सबों का स्वच्छ व्यवहार हो।।

9. निवेदन, आग्रह, विनय और प्रणाम
स्वच्छता ही शुद्धि हो पहला आयाम।।

10. भक्तिमय वातावरण और शुद्ध पर्यावरण
जीवन को स्वस्थ बनाने में स्वच्छता ही पहला चरण।।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बिहार सरकार

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*।। हमारी पूजा हो शुद्ध और स्वच्छ, परिवार और समाज रहे हरदम स्वस्थ ।।*

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से नवरात्र की हार्दिक शुभकामनायें!

*आइये! इस वर्ष पूजा को स्वच्छ बनायें ।।*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी श्रद्धालुओं और भक्तों से जीवनपर्यंत शुद्ध और स्वच्छ वातावरण बनाये जाने का आग्रह करती है।**

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बिहार सरकार

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*।। करें माता की शुद्धता से भक्ति, मिले सदा अस्वच्छता और अस्वस्थता से मुक्ति ।।*

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से नवरात्र की मंगलकामना!

*आइये! इस वर्ष पूजा को स्वच्छ बनायें ।।*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी भक्तजनों से स्वच्छ और शुद्ध वातावरण में नवरात्र मनाये जाने का आग्रह करती है।**

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बिहार सरकार

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*।। माता का आर्शीवाद हो, स्वच्छ पूजा का प्रयास हो ।।*

# जिला जल एवं स्वच्छता समिति की ओर से स्वच्छ और शुद्ध पूजा की शुभकामना!

*आइये! पूजा को स्वच्छता और शुद्धता के साथ मनायें।।*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी से स्वच्छ समाजिक परिवेश में नवरात्र मनाये जाने आग्रह करती है।**

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

बिहार सरकार

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*।। स्वस्थ्य जीवन के कल्पना के साथ, आओ मिल कर मनायें स्वच्छ नवरात्र ।।*

# स्वच्छ पूजा, स्वस्थ्य जीवन।।

*आइये! इस वर्ष पूजा को स्वच्छ बनायें ।।*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी भक्तजनों से स्वच्छता और शुद्धता के साथ पूजा मनाने का आग्रह करते है।**

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*।। स्वस्थ्य जीवन के कल्पना के साथ, आओ मिल कर मनायें स्वच्छ नवरात्र ।।*

# शुभ और स्वच्छ नवरात्र, आपके साथ।।

*आइये! इस वर्ष नवरात्र को शुद्धता और स्वच्छता से मनायें ।।*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी भक्तजनों से नवरात्र को शुद्धता और स्वच्छता के साथ मनाने का आग्र करती है।**

(लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिहार सरकार)

*॥ स्वच्छ समाज की कल्पना, स्वस्थ्य समुदाय हो अपना ॥*

# शुद्ध नवरात्र, स्वच्छता आस-पास ॥

*आइये! इस वर्ष नवरात्र को शुद्धता और स्वच्छता से मनायें ॥*

**जिला जल एवं स्वच्छता समिति आप सभी भक्तजनों से नवरात्र को शुद्धता और स्वच्छता के साथ मनाने का आग्रह करती है।**